## न्यूज ब्रीफ

### पेहना गांव में बताई सरकार की उपलब्धियां

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** बस्ती चलो अभियान के तहत पेहना गांव में कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम में सांसद छत्रपाल गंगवार विधायक डॉ एमपी आर्य ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार, डा मीनाक्षी गंगवार मौजूद रही। कार्यक्रम में सांसद ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों पर ग्रामीणों से चर्चा की। ब्लॉक प्रमुख ने सरकार में आवास, शौचालय, योजना एवं आयुष्मान समाज के हर वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। विधायक ने भाजपा सरकार को विकास करने वाली सरकार बताया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जयदीप सिंह वेदपाल कनौजिया पप्पू शर्मा राजेंद्र गुप्ता गजेंद्र गंगवार, नीरज कुमार वर्मा, हरीश वर्मा, हरीश कुमार, आकाश गुप्ता आदि रहे।

### गाय बछड़े की मौत पर डेयरी संचालक हिरासत में

**फरीदपुर अमृत विचार :** डेरी संचालक युवक ने गोकसी करने के इरादे से गाय और बछड़े को बांधकर डाल दिया। कुछ देर में गाय बछड़े की मौत हो गई। । हिन्दू संगठनों ने पुलिस को तहरीर देकर डेयरी संचालक पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इलियास और शादाब को हिरासत में ले लियाऔर पूछताछ कर रही है।

### स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन

**आंवला अमृत विचार :** स्मार्ट विद्युत मीटर से बढ़े बिलों के विरोध में नगर के मौहल्ला नालापार से दर्जनों महिलाओं ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया और एसडीएम को शिकायत पत्र सौंपा। महिलाओं ने आरोप लगाया कि मीटर तेजी से रीडिंग दे रहे हैं, जिससे कम खपत के बावजूद अधिक बिल आ रहा है ।उन्होंने यह भी बताया कि बिल जमा करने के बाद भी बिजली आपूर्ति बाधित रहती है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अधिक बिल का भुगतान करना उनके लिए मुश्किल है ।मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम विदुषी सिंह ने बताया कि विद्युत विभाग के एक्स ई एन दुर्गेश कुमार को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई और समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए हैं ।

# आंबेडकर प्रतिमा को लेकर दो गांवों में बढ़ा तनाव, प्रशासन अलर्ट

## नवाबगंज और भुता में एसडीएम - सीओ पहुंचे, वार्ता बेनतीजा, गांव में पुलिस तैनात

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नवाबगंज और भुता क्षेत्र के दो गांवों में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। एक ओर हाईकोर्ट के आदेश के पालन में प्रशासन जुटा है, तो दूसरी ओर बिना अनुमति प्रतिमा स्थापना से माहौल गरमा गया है। अंबेडकर जयंती से पहले दोनों मामलों को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है और पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। भुता में बुधवार की रात जाटव समाज के लोगों ने बिना अनुमति के प्रतिमा को स्थापित कर दी।

### नवाबगंज के गंगापुर में हाईकोर्ट आदेश के पालन में अटका मामला



नवाबगंज क्षेत्र के बड़ा गांव के मजरा गंगापुर में अंबेडकर प्रतिमा को लेकर विवाद फिर तूल पकड़ रहा है। गुरुवार को एसडीएम उदित पवार और सीओ गांव पहुंचे और प्रतिमा स्थापित करने वाले पक्ष से वार्ता की, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। करीब एक वर्ष पूर्व ग्राम समाज की जमीन पर रातोंरात प्रतिमा स्थापित किए जाने के बाद दो समुदाय आमने-सामने आ गए थे और दोनों पक्षों ने मुकदमे दर्ज कराए थे। मामले में हाईकोर्ट डीएम को प्रतिमा हटाकर अन्य स्थान पर स्थापित कराने के निर्देश दिए हैं, लेकिन सहमति न बनने से आदेश का पालन नहीं हो पा रहा है। इसी बीच एक पक्ष ने ज्ञापन सौंपकर कोर्ट के आदेश लागू कराने की मांग की है। 14 अप्रैल (अंबेडकर जयंती) को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### भुता में रातोंरात अंबेडकर प्रतिमा स्थापना से मिर्जापुर में तनातनी, पुलिस बल तैनात



भुता, थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में बुधवार देर रात चुपचाप अंबेडकर प्रतिमा स्थापित किए जाने से गुरुवार सुबह गांव का माहौल गरमा गया। जाटव समाज के कुछ लोगों द्वारा बिना प्रशासनिक अनुमति के की गई इस पहल से अन्य ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई ।सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और स्थिति को बिगड़ने से पहले काबू में किया। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि गांव में अंबेडकर पार्क के नाम से पहले से भूमि खाली पड़ी है, लेकिन बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करना नियमों के खिलाफ है। इसी बात को लेकर विरोध तेज हुआ ।मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए प्रधान पति समेत प्रतिमा समर्थकों को थाने बुलाया। इसके बाद एसडीएम मल्लिका नैन और सीओ संदीप सिंह के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई, जिसमें दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर वार्ता कराई गई। प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि बिना अनुमति किसी भी सार्वजनिक स्थल पर प्रतिमा स्थापित करना नियमों के विरुद्ध है ।थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि अब तक इस मामले में कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। वहीं एसडीएम ने चेतावनी दी कि यदि नियमों की अनदेखी की गई तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी भी संभावित विवाद को समय रहते नियंत्रित किया जा सके।

## आंवला में गैस एजेंसी पर आपूर्ति बाधित, नाराजगी

**आंवला अमृत विचार:** अलीगंज अड्डा पर अहमद गैस एजेंसी में गुरुवार को गैस सिलेंडर न मिलने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से लंबी कतारों में लगे उपभोक्ता देर शाम तक इंतजार करने के बाद भी खाली हाथ लौट गए।

एजेंसी द्वारा बुकिंग धारकों की सूची बनाकर सुभाष इंटर कॉलेज में गैस वितरण की सूचना दी गई थी, लेकिन दिनभर गैस उपलब्ध न होने से लोगों में रोष फैल गया। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि नगर की अन्य एजेंसियों पर गैस आसानी से मिल रही है, जबकि यहां व्यवस्थाएं लगातार चरमराई हुई हैं।

सूचना मिलने पर प्रशासन हरकत में आया। एसडीएम विदुषी सिंह ने बताया कि पूर्ति विभाग की टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया। जांच में सामने आया कि गुरुवार को गैस की सप्लाई नहीं पहुंची थी।

# बोर्ड बैठक में 3.8 करोड़ के विकास प्रस्ताव मंजूर

संवाददाता, भमोरा

- ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में धन की कमी नही आने दी जाएगी : धर्मपाल

**अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में 3.8 करोड़ रुपये के विकास प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख आरती यादव ने की। मुख्य अतिथि पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह, बिथरी विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा भी शामिल रहे।

बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी उपलब्धियों और सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं से रोजगार के अवसर बढ़े हैं, जिससे ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है।

इस दौरान क्षेत्र में बढ़ती गौवंश समस्या और उसके प्रभावी प्रबंधन पर भी चर्चा की गई। साथ ही अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के चलते उत्पन्न घरेलू गैस संकट पर विचार-विमर्श करते हुए बताया गया कि अन्य देशों की तुलना में भारत की स्थिति नियंत्रण में है।

मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और प्रत्येक गांव के समग्र विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी कुमार हर्षेंद्र कुमार, एडीओ पंचायत, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# हाईवे पर तीन हादसों नौ लोग घायल

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर गुरुवार को एक के बाद एक तीन घटनाओं ने क्षेत्र में अफरा-तफरी मचा दी। अलग-अलग स्थानों पर हुए इन हादसों में कई लोग घायल हो गए, जबकि एक कंटेनर में आग लगने से भी हड़कंप की स्थिति बन गई।

पहली घटना में फरीदपुर से छह सवारियां लेकर फतेहगंज पूर्वी आ रहा एक टेंपो उचसिया मोड़ के पास अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे लगे संकेतक पत्थर से टकरा कर पलट गया। इसमें सभी यात्री घायल हो गये। इनमें दो कॉलेज छात्र भी बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

दूसरी घटना फतेहगंज पूर्वी में कटरा जाने वाली सर्विस रोड पर हुई। यहां बाइक पर सवार तीन लोगों को एक पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार युवक के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि महिला के सिर और चेहरे पर गंभीर चोट आने से उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

तीसरी घटना में शाहजहांपुर की ओर जा रहे एक कंटेनर में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। हालांकि चालक और स्थानीय लोगों की सूझबूझ से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जि आग बुझने के बाद कंटेनर को उसके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया।

### देवीपुरा में दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

**बहेड़ी,,अमृत विचार :** गांव देवीपुरा में दबंग लोगों ने घर में घुसकर एक युवक और उसकी बुजुर्ग ताई के साथ मारपीट की । पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।ग्राम गौटिया देवीपुरा निवासी महीपाल पुत्र सीताराम ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि गांव के ही जगरूप सिंह, सोनू, सहित अन्य लोग शराब के नशे में उसके घर में जबरन घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

# सीसीटीवी से खुली चोरी, दो दबोचे

संवाददाता,नवाबगंज।

**अमृत विचार :** कस्बे में दिनदहाड़े हुई दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मोहल्ला चाणक्यपुरी निवासी बाबूराम तहसील परिसर में वह अपना चैंबर खोलकर मोबाइल ठीक कराने गए थे तभी चोर उनके चैंबर से प्रिंटर उठा ले गया। कुछ ही देर बाद उसी आरोपी ने बाईपास मार्ग स्थित एक दुकान से एलईडी भी चोरी कर ली। यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसकी फुटेज वायरल होने के बाद पुलिस को अहम सुराग मिला। जांच के दौरान आरोपी की पहचान ईध जागीर गांव निवासी युवक के रूप में हुई।

गुरुवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद कर लिया। चोरी का सामान खरीदने वाले व्यक्ति को भी पकड़कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**दुकान के ताले तोड़कर इनवर्टर, बैटरी चोरी**

**कैंट,** :लालफाटक स्थित परचून की दुकान के ताले तोड़कर इनवर्टर, बैट्री आदि चोरी कर लिया गया। सदर बाजार निवासी राम सिंह राठौर ने बताया, उनकी लालफाटक पर परचून की दुकान है। तीन अप्रैल को उनकी दुकान के ताले टूटे और सामान बिखराथा। जांच में पता चला कि इनवर्टर, बैट्री आदि गायब था। थाने में तहरीर उसी दिन दी थी। पुलिस ने एक सप्ताह बाद रिपोर्ट दर्ज की है।

### बंद मकान से गैस सिलेंडर चोरी

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाकर गैस सिलिंडर व बर्तनों पर हाथ साफ कर दिया। मामले की तहरीर भोजीपुरा थाने में दी है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव सुरला निवासी लाखन सिंह का पीपलसाना चौधरी में मकान है। उनके भाई भाभी मार्डन विलेज के मकान में रहते हैं। गृह स्वामी ने बताया कि 7 अप्रैल को उनकी भाभी मार्डन विलेज से सुरला स्थित घर पर गई थीं ।वापसी में उन्हें कमरे केताले टूटे और सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला। लाखन सिंह ने बताया कि चोर गैस सिलिंडर, स्टेबलाइजर, बड़ा चूल्हा, इंवर्टर, बड़ा बैट्रा व पीतल के बर्तन चोरी कर ले गए। पुलिस को मामले की तहरीर दी गईहै।

### तलाकशुदा महिला से दुष्कर्म करने का आरोप

**बहेड़ी, अमृत विचार :** गांव सकरस में तलाकशुदा महिला ने पड़ोसी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और शोषण करने का आरोप लगाया है। बहेड़ी पुलिस पर शिकायत की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस डीआईजी से शिकायत की है। पीड़िता के अनुसार, डेढ़ साल पहले उसके भाई का रिश्ता पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति की बेटी से तय हुआ था, पड़ोस में रिश्तेदारी होने के कारण आरोपी का घर आना-जाना बढ़ गया। इसी दौरान आरोपी की नीयत खराब हो गई और वह उसे गलत नजर से देखने लगा। एक दिन आरोपी ने उससे शादी का झांसा दिया। अब शादी से इंकार कर दिया है।

## नवाबगंज में शादी का झांसा देकर युवती का शोषण, जान से मारने की धमकी

**नवाबगंज, अमृत विचार:** युवती ने बरेली के अस्पताल के एक कर्मचारी पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। युवक अब दूसरी जगह शादी करने जा रहा है लेकिन युवती से संपर्क में रहने को दबाव बना रहा है। ऐसा नहीं करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए कुछ रिश्तेदारों को वीडियो भी भेज दिये हैं। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

पीड़िता के अनुसार, तीन साल अपने पिता के इलाज के सिलसिले में बरेली गई थी। तभी अस्पताल में तैनात युवक के संपर्क में आई। युवक ने भरोसा जीत कर उससे शादी करने का वायदा किया फिर कमरे में बुलाकर संबध बनाए।

इस दौरान चुपके से वीडियो भी बना लिया। इसी दौरान वह गर्भवती हो गई तब परिचितों की मदद से युवक ने उसका गर्भपात कराया। अब युवक किसी अन्य युवती से शादी करने जा रहा है, लेकिन उसे धमकी दे रहा है कि वह जीवनभर उसके संपर्क में रहे। आरोपी ने कुछ फोटो सोशल मीडिया और रिश्तेदारों के मोबाइल पर भी भेज दिए।

## बिथरी में सिलेंडर ब्लैक में बेचने का आरोप

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार:** बिथरी मे स्थित खुसरो गैस एजेंसी पर ग्रामीणों ने कथित गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और फर्जी बुकिंग के आरोप लगाते हुए शिकायत की है। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है. बिना ओटीपी के ही फर्जी बुकिंग और डिलीवरी हो रही है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि एजेंसी पर जब गैस लेने जा रहे है तो वहां से टालमटोल कर भगा दिया जा रहा है। बुकिंग करने पर गैस बुक नहीं हो रही है। लेकिन एजेंसी पर कहा जाता है कि गैस उठ गयी है। आरोप है कि दलालों से बात करने पर 2 से ढाई हजार रुपये तक गैस सिलेंडर देने की बात करते हैं।

उपभोक्ता प्रदीप कुमार ने बताया कि एजेंसी पर सिलेंडर की बुकिंग कर दी र मैसेज भी आ गया। सिलेंडर लेने गए तो दो दिन बाद आने को कहा दो दिन बाद गए तो कहा कि सिलेंडर ले जाया जा चुका है। जबकि हमने कोई सिलेंडर नही लिया

जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि मामला गंभीर है। शिकायत आती है तो जांच कराई जाएगी। एजेंसी मैनेजर प्रियांशु ने बताया कि सभी आरोप गलत हैं।जो भी उपभोक्ता गैस लेने जा आ रहे हैं, लगातार उनको गैस दी जा रही है ।गैस कोई समस्या नही है।

## न्यूज डायरी

### धूमधाम से मनाया कमालपुर विद्यालय में वार्षिकोत्सव



**देवरनियां, अमृत विचार :** ब्लाक शेरगढ़ के कम्पोजिट विद्यालय कमालपुर में नवारम्भ व वार्षिक समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सुरेन्द्र कुमार ने सभी बच्चों से नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। पूर्व अध्यापक सत्यवीर सिंह गंगवार, मुकेश कुमार शर्मा ने परिषदीय विद्यालयों में मिलने वाली सुविधाओं को बताते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों का प्रवेश परिषदीय विद्यालयों में कराने का आह्वान किया। प्रधानाध्यापक महेन्द्र पाल ने आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को भी पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में, ऊषा देवी, रुवी, परवीन, राजेन्द्र प्रसाद, पप्पी, एजुकेटर प्रीति गंगवार, आदि उपस्थित रहे।

### महिलाओं को सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया



**राजपुरकलां, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय ग्राम अमरोली में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस टीम ने ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया मिशन शक्ति टीम और महिला सुरक्षा दल की टीम ने गांव की महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने पर जोर दिया। पुलिस टीम ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से समझाया 1090 महिला पावर लाइन 112 आपातकालीन सेवा 181 महिला हेल्पलाइन के बारे में बताया गया। मिशन शक्ति टीम के सदस्य महिला उप निरीक्षक अंजलि भाटी उप निरीक्षक नेपाल सिंह महिला आरक्षी पूजा, कांस्टेबल विशाल प्रताप, आदित्य कुमार, विजेन्द्र सिंह, आदि मौजूद थे

### कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं है : बहोरन लाल मौर्य



**भोजीपुरा, अमृत विचार :** प्रदेश का कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं है। भाजपा सरकार में पूरे क्षेत्र का विकास बिना भेदभाव के हो रहा है। यह बात एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने कही। सरकार की उपलब्धियां बताने के लिए निकले एमएलसी ने भारत इंटर कॉलेज से पदयात्रा शुरु की और हर दुकान पर रुक कर सरकार की उपलब्धियां बताईं। कार्यक्रम में महिपाल गंगवार, राजेंद्र मिश्रा, विजय शर्मा, जेडी मौर्य, राजकुमार द्विवेदी, महेश चंद्र शर्मा, संतोष गुप्ता, महिपाल शर्मा, जगदीश गिहार, सुभाष मौर्य आदि लोग उपस्थित थे।

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज


डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माता जिनका मेरी सेना के अभिलेखों में नाम **तनवीर जहां जन्मतिथि** 01.07.1955 है जबकि अब आधार व पैन कार्ड के अनुसार नाम **तनवीर जहां (Tanveer Jahan) व जन्मतिथि** 01.01.1960 से जाना जाए।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र बासू अग्रवाल को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **राजकुमार अग्रवाल पुत्र श्री सुरेन्द्र चन्द्र अग्रवाल निवासी पशुपति विहार कालोनी, पो. आर.के. विश्वविद्यालय थाना बारादरी जिला बरेली।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र नईम अहमद और उसकी पत्नी रेशमा को व्यवहार और चाल चलन ठीक न होने, परिवारियों से दुर्व्यवहार करने और आये दिन झूठे व संगीन जुर्म में फंसाने, जान से मारने की धमकी देना, परिवार के लोगों को प्रताड़ित करना, इसी कारणवश अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब हमारा और परिवारियों का उनसे कोई वास्ता, सरोकार नहीं रह गया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये कृत्य के वही दोनों जिम्मेदार होंगे। **जमाल अहमद पुत्र रज्जाब अली निवासी ग्राम गांधीनगर मजरा कोरैया तहसील गोला, जिला-खीरी**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र केसर कुमार के गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। वह अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **रमेश चन्द्र पुत्र भूपराम, निवासी- ग्राम कोठा मक्खन, तहसील नबाबगंज थाना भुता, जिला बरेली ।**

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम मो. रफीक Mohd Rafeek दर्ज है। जो कि सही है। जबकि पासपोर्ट में मेरा नाम मो. रफीक Moh Rafeek दर्ज है। जो कि गलत है। उक्त सही नाम को मेरे पासपोर्ट में संशोधित किया जाये। **मो. रफीक पुत्र चुन्ना मियां निवासी- 336, मो. नई बस्ती, लखीमपुर खीरी**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका व प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0943634 वास्तव में कहीं खो गये है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले है। Ashok Kumar पुत्र Kanta Prasad निवासी Buyodha Khera Ram Nagar, Bareilly

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट, बरेली

**आवश्यकता है**
बाबा रामदास पी.जी. कॉलेज
सैदपुर कनी, भोलापुर, बरेली को निम्न विषयों में **प्रवक्ताओं** की आवश्यकता है
(Ph.D. एवं Net)
For M.A. :
Political Science, Home Science
For M.Sc. :
Physics, Chemistry, Zoology, Botany
इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय कार्यालय एवं email : principalbrdcbholapur @gmail.com पर समस्त प्रपत्र/फोटो सहित अपना Biodata भेजें।
आर.डी. गुप्ता-प्रबन्धक
मो. 6396249614

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### क्योलडिया में क्रय केंद्र नहीं, सौंपा ज्ञापन

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत ब्लॉक परिसर में हुई। किसान हीरालाल गंगवार ने बताया की ब्लॉक मुख्यालय में कोई भी गेहूं क्रय केंद्र नहीं लगा है। क्योलडिया में तत्काल गेहूं के केंद्र लगाया जाए। आवारा आवारा पशुओं को तत्काल पकड़वाया जाए। किसानों के राशन कार्ड दोबारा बनाए जा। मांगों का ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। इस दौरान अध्यक्ष फतेह चंद्र गंगवार सरदार हरदेव सिंह राधवा, सेवाराम, बाबूराम, ठाकुरदास, सूर्य प्रकाश, ताराचंद, मिश्रीलाल लालाराम, आदि रहे।

### चोरी का ट्रैक्टर बरामद

**शीशगढ़, अमृत विचार :** गांव गुलड़िया भवानी में घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर रात चोरी हो गया। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने पुलिस टीम भेज कर चौकी टांडा छंगा, कच्चे रास्ते के पास से चोरी किए गए महिंद्रा अर्जुन 555 को बरामद कर लिया साथ ही ट्रैक्टर चला रहा नाबालिग को हिरासत में ले लिया।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर दी धमकी

**आंवला अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की निवासी युवती ने क्षेत्र के ही कुछ दबंगों पर आरोप लगाते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि शादी समारोह से लौटते समय आरोपियों ने न केवल उससे छेड़छाड़ की, बल्कि विरोध करने पर घर में घुसकर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी।

### संचारी रोग होने का खतरा बढ़ा

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** वार्ड नंबर 1 अंबेडकर नगर के वासियों ने नालियों में गंदे पानी के भराव की शिकायत अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत विशारतगंज से की है। बताया कि वार्ड में नई पड़ी आधी सड़क ऊंची है बाकी नीचे हैं।

### कार सवार से मारपीट जान से मारने की धमकी

**आंवला अमृत विचार :** थाना आंवला क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम कमठेना निवासी इन्द्र सिंह ने बताया कि वह 7 अप्रैल की रात अपनी कार से आंवला आ रहा था। रास्ते में दिलवारी हनुमान मंदिर के पास कुछ लोगों ने उसकी गाड़ी रोक ली और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

# होटल में इंजीनियर की मौत, सुसाइड की आशंका

## हाफिजगंज क्षेत्र के योसलपुर के निवासी थे दीपांशु

संवाददाता, हाफिजगंज /पीलीभीत

- पुलिस ने होटल पहुंचकर की पड़ताल, प्रेम प्रसंग को लेकर जांच कर रही है पुलिस


मृतक दीपांशु।

**अमृत विचार :** सुनगढ़ी क्षेत्र में एक होटल में ठहरे गैस कंपनी के 27 वर्षीय इंजीनियर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है, जिसके पीछे प्रेम प्रसंग को वजह माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, बरेली के थाना हाफिजगंज क्षेत्र के ग्राम योसलपुर निवासी दीपांशु पुत्र चंद्रप्रकाश दिल्ली में एक गैस कंपनी में इंजीनियर थे। वह पिछले तीन दिनों से सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के छतरी चौराहा स्थित एक होटल में ठहरे हुए थे। बुधवार रात उनकी अचानक हालत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि उन्होंने होटल के कमरे में जहरीला पदार्थ खा लिया था।

घटना से पहले दीपांशु ने शहर के बल्लभनगर कॉलोनी निवासी एक परिचित को फोन कर अपनी स्थिति की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिचित होटल पहुंचा और स्टाफ की मदद से उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान रात करीब 11 बजे उनकी मौत हो गई।

सूचना पर सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची और होटल स्टाफ से पूछताछ की। पुलिस ने होटल के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा सामने आया है, जिससे आत्महत्या की आशंका और गहरा गई है।

मृतक के पिता चंद्रप्रकाश ने बताया कि दीपांशु का पीलीभीत की एक युवती से प्रेम संबंध था और वह उसी के चलते यहां आया हुआ था। परिवार को इस संबंध की जानकारी भी थी। पहले परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं थे, लेकिन पुलिस के समझाने पर सहमति बनी और गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

सुनगढ़ी इंस्पेक्टर नरेश त्यागी ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# निपुण लक्ष्य प्राप्त करने पर छात्र-छात्राएं सम्मानित


वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत बच्चों के साथ अतिथिगण। ● अमृत विचार

संवाददाता, रिठौरा

**अमृत विचार :** संकुल क्षेत्र के विद्यालयों कलापुर, खाता, बरकापुर खाता और मोहनियां का संयुक्त वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ प्राथमिक विद्यालय में रिठौरा में किया गया।

समारोह में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। शिक्षा चौपाल लगाकर अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन शकुंतला देवी, विशिष्ट अतिथि बीईओ विजय कुमार सिंह, एसआरजी लक्ष्मी शुक्ला, सौरभ शुक्ला, राममोहन तिवारी और प्रधानाध्यापिका एकता सक्सेना ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अगले चरण में ''स्कूल चलो अभियान'' के अंतर्गत जन-जागरूकता रैली निकाली गई, रैली के माध्यम से गांव की गलियों में शत-प्रतिशत नामांकन का संदेश दिया गया। इस अवसर पर गंगाराम गंगवार, राजेश कुमार मिश्रा, शोभना श्रीवास्तव, चंदन सक्सेना, पंकज सिंह, इशरार हुसैन, दीपावली सक्सेना, कुलदीप गंगवार, बंदना सक्सेना, अल्पना सक्सेना, दीप्ति राठौर, सोनी शंखधार, दीक्षा सिंह, एकता वाधवा, काशिफा कय्यूम, प्रीती आर्या, प्रवेश पाठक, वीरवती, प्रदीप कुमार गुप्ता, आदि रहे।

### शिक्षा चौपाल में बच्चों के नामांकन कराने पर जोर

**नवाबगंज, अमृत विचार :** पूर्व माध्यमिक विद्यालय त्यार जागीर में गुरुवार को शिक्षा चौपाल में बच्चों का स्कूल में नामांकन कराने और उन्हें नियमित स्कूल भेजने की बात खंड शिक्षा अधिकारी सत्यदेव ने की। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने सोशल मीडिया के सदुपयोग व दुरुपयोग, बालिका शिक्षा, दहेज प्रथा और नशा मुक्ति जैसे सामाजिक विषयों पर नाटक प्रस्तुत किए, वहीं देशभक्ति गीतों पर नृत्य कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक कुंवर सेन ने कक्षा 8 के मेधावी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए तथा निशुल्क पुस्तकों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में पुष्पराज सिंह, नरदेव, हर स्वरूप, शांति स्वरूप, बीना अग्रवाल, किरन गंगवार, अनिल कुमार भारती, प्रधान छेदा लाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अभिभावकों को जागरुक करने को निकाली रैली



**नवाबगंज, अमृत विचार :** शिक्षा के प्रति बच्चों और अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत बिजोरिया रोड पर प्राथमिक स्कूल के बच्चों के द्वारा एक रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व खंड शिक्षा अधिकारी सत्यदेव ने किया। रैली में शामिल बच्चों ने शिक्षा है सबसे बड़ा अधिकार, हर बच्चे को मिले इसका उपहार जैसे नारे लगाकर लोगों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस दौरान बच्चों को नियमित रूप से स्कूल जाने और शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पराज गंगवार, अशोक शर्मा, कमल कुमार, अनिल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न का आरोप ससुरालीजनों पर रिपोर्ट

संवाददाता, मीरगंज

- शादी से 12 दिन पहले अतिरिक्त दहेज की मांग की
- लड़की वालों ने जताई असमर्थता थाने पहुंचा मामला

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न को लेकर पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। शादी से महज 12 दिन पहले दूल्हा पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग किए जाने पर लड़की पक्ष ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस घटना से दोनों परिवारों में तनाव का माहौल है।

शिकायतकर्ता अनिल कुमार शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का रिश्ता जिला रामपुर निवासी प्रयाशू शर्मा से तय किया था। विवाह की तारीख 20 अप्रैल तय हुई थी

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि शादी की तारीख नजदीक आते ही दूल्हा पक्ष ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। आरोप के अनुसार, लड़के पक्ष ने 15 लाख रुपये नकद और एक महिंद्रा स्कॉर्पियो की मांग की। शिकायतकर्ता का कहना है कि वह पहले ही 5 लाख रुपये दे चुका था, इसके बावजूद लगातार दबाव बनाया जा रहा था। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि लड़के की मां अनीता शर्मा और बहन प्रयांशी शर्मा द्वारा सोने की चेन, अंगूठी और महंगी साड़ियों की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर रिश्ता तोड़ने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी गई। इसके अतिरिक्त, लड़के पर लड़की पक्ष की बुलेट मोटरसाइकिल अपने पास रखने का भी आरोप है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ईएनटी, न डेंटल और बच्चों के डाक्टर भी नहीं, मरीजों को दिक्कत

**बहेड़ी सीएचसी**

संवाददाता, बहेड़ी


बहेड़ी सीएचसी पर पर्चा बनवाते मरीज। ● अमृत विचार

- इमरजेंसी में मरीज़ को फर्स्ट एड भी मिलना मुश्किल
- सिर्फ मजबूर और प्राइवेट को सहन न कर पाने वाले आते हैं

**अमृत विचार :** सीएचसी में मरीज़ों की नहीं डॉक्टरों की कमी है। उन सुविधाओं की कमी है, जो मरीज़ों को मिलनी चाहिए। डॉक्टर नहीं हैं, तो मरीज़ कौन भर्ती करे, बस इसी के चलते मरीज़ों के एक वार्ड में तो ताला ही डाल दिया गया है। यूं तो बहेड़ी सीएचसी को फर्स्ट रेफरल यूनिट यानि एफआरयू का तमगा भी मिला हुआ है लेकिन यह सिर्फ कागज़ों में लिखने भर के लिए है। असलियत में यहां एफआरयू की कोई सुविधा नहीं।

बहेड़ी सीएचसी पर रोज़ाना 300 से ऊपर मरीज़ आते हैं। इनमें से 40 प्रतिशत नए मरीज़ और बाकी पुराने होते हैं। इतने मरीज आने और एफआरयू होने के बाद भी यहां सीएचसी पर फिजीशियन डॉक्टर नहीं है। बाल रोग विशेषज्ञ, डेंटल, आई और ईएनटी डॉक्टर भी नहीं है। स्त्री रोग विशेषज्ञ और सर्जन भी नहीं है। पैथोलॉजिस्ट, रेडियोलोजिस्ट और नशा देने वाले डॉक्टर की भी तैनाती यहां नहीं है। सिर्फ तीन डाक्टरों के जरिए सीएचसी चल रही है। यहां डाक्टर शहवर, डॉक्टर अराफ़ात और डॉक्टर शाज़िआ हुमा तैनात हैं, जिनमें एक संविदा पर हैं।

अस्पताल में वही मरीज़ आते हैं, जो प्राइवेट अस्पतालों को सहन नहीं कर सकते, वरना न स्पेशलिस्ट डॉक्टर और न किसी सुविधा के इतने मरीज़ आ रहे हैं।

डॉक्टरों के न होने की वजह से अस्पताल में मरीज़ भर्ती नहीं हो पाते। दावा तो रोजाना 6-7 बेड पर मरीज़ भर्ती किए जाने का किया गया, लेकिन आज सिर्फ एक मरीज़ ही बेड पर था। एक वार्ड में तो ताला ही डाल दिया गया है।


जनरल वार्ड में लगा ताला।

### पुरुष स्वास्थ्य पर्यवेक्षक का भी टोटा

सीएचसी पर नौ पुरुष स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों में से एक भी तैनात नहीं है। महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 35 के बजाए 19 तैनात हैं। पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 16 में सिर्फ एक तैनात है। एल टी 2 होने चाहिए, जो एक भी नहीं है। एल ए 4 में से एक है। स्वीपर कम चौकीदार 10 में से सिर्फ 3 तैनात हैं।

### अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी नदारद

सीएचसी पर आज तक अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधा नहीं है। एक कर्मचारी एक्स रे कर रहा है, और 10-12 एक्स रे रोज़ाना होने का दावा भी उन्होंने किया। बहेड़ी, ज़िला मुख्यालय से सबसे ज़्यादा 50 किलोमीटर दूर है। प्राइवेट स्वास्थ्य सेवा के नाम पर भी यह क्षेत्र पिछड़ा हुआ ही है। सीएचसी का जो हाल है, उससे साफ ज़ाहिर है कि यहाँ के लोगों को किसी इमरजेंसी में सीएचसी पर फर्स्ट एड भी मिल पाना मुमकिन नहीं।

> सीएचसी पर रोज़ाना 300 से ऊपर की ओपीडी होती है, तीन डॉक्टर यहाँ हैं। दवा की कमी नहीं है। 207 के मुकाबले 241 दवाएं यहाँ हैं। शुगर और बीपी के मरीज़ों के लिए भी दवा उपलब्ध हैं। **डॉक्टर विवेक सिंह**, चिकित्सा अधीक्षक

# प्रधान ने पलायन की दी चेतावनी, कानूनगो पहुंचे

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बुजिया जागीर में दबंगों द्वारा मिल रही जानसे मारने की धमकियों के डर से प्रधान नूर बेगम और उनका परिवार पलायन को मजबूर हो गया था। इसपर गुरुवार को तहसील प्रशासन ने कानूनगो और लेखपाल को गांव में भेजा और मौका मुआयना कराया। वहीं कानूनगो ने बताया कि इस मामले में प्रशासन द्वारा कमेटी बनाने का बाद जांच की जाएगी। गांव बुजिया जागीर थाना शाही में गुरुवार को वर्तमान प्रधान नूर बेगम ने घर के बाहर परिवार सहित पलायन करने का कारण लिखकर बैनर लगा दिया। प्रधानपति राजकुमार गुप्ता व प्रधान नूर बेगम का आरोप है कि गांव के छत्रपाल पुत्र भीम सेन, उनके बेटे सुमेरी लाल और रामाधर ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कर रहे थे।

विरोध कर अधिकारियों से फोन पर शिकायत की तो प्रधान को धमकिया देने लगे। प्रधान ने पुलिस से सुरक्षा और दबंगों पर कार्रवाई की मांग की है। छत्रपाल ने विवाद का कारण चुनावी रंजिश बताया। वहीं पुलिस ने प्रधानपति राजकुमार व दूसरे पक्ष के छत्रपाल व रामाधर पर शांति भंग की कार्रवाई की थी। प्रधानपति का आरोप है कि आरोपी दबंग एक विशेष पार्टी से ताल्लुक रखते हैं।

## सिटी डायरी

### धर्मपाल ने स्वास्थ्य कर्मियों को किया सम्मानित



**भमोरा, अमृत विचार :** ब्लाक सभागार में मिशन शक्ति के तहत महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने किया। स्वास्थ्य विभाग में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भमोरा की एएनएम प्रतिभा सिंह व ग्राम खुली ताहरपुर की आशा कार्यकत्री राधा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति -5.0 चरण के अंतर्गत सीएचसी भमोरा में कन्या जन्मोत्सव भी मनाया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वेद प्रकाश यादव ने हाल ही में जन्मी कन्याओं की किट का वितरण किया। इस मौके पर सीएचसी भमोरा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ विवेक कुमार, बीपीएम नीरज कुमार के साथ समस्त स्वास्थ्यकर्मी व स्टाफ मौजूद रहा।

### धूमधाम से निकली खाटू श्याम बाबा की निशान शोभायात्रा



**सिरौली, अमृत विचार :** नगर में खाटू श्याम बाबा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। बाबा के भक्तों द्वारा विशाल निशान शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें पूरा नगर 'हारे के सहारे' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा का शुभारंभ मोहल्ला साहूकारा स्थित गंगा मंदिर धाम से हुआ। भक्त भजनों की धुन पर थिरकते हुए बाबा की महिमा का गुणगान कर रहे थे। शोभायात्रा गंगा मंदिर धाम से मेन मार्केट पांडन ठाकरान कौआ टोला, सराय मार्केट और कॉलेज मार्केट। यात्रा मेन अड्डे से होते हुए आंवला मार्ग स्थित शांति गार्डन पहुंचकर संपन्न हुई। आयोजन को सफल बनाने में शोभित गुप्ता, अर्चित, आर्यन गुप्ता, और निशुल सहित समस्त श्याम प्रेमियों का विशेष सहयोग रहा।

### हाइटेक लाइब्रेरी का नाम स्वामी विवेकानंद रखने की मांग



**आंवला अमृत विचार :** क्षेत्र में शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को बढ़ावा देने के लिए 1.38 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक लाइब्रेरी के निर्माण की योजना को मंजूरी मिली है। स्थानीय संगठनों और नागरिकों द्वारा इस लाइब्रेरी का नाम ''स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय'' रखने का प्रस्ताव दिया गया है। विश्व हिंदू परिषद (ब्रज प्रान्त) की ओर से नगर विकास मंत्री एके शर्मा को संबोधित एक पत्र एसडीएम को दिया गया है। ज्ञापन देने वालो में दुर्गेश सक्सेना, शोभा गुप्ता, माधव पाराशरी, रामवीर प्रजापति, सुमित राजपूत, शक्ति सिंह, आशीष हिंदू, संजय अग्रवाल, योगेश माहेश्वरी, देवेंद्र कुमार सागर, विमल त्रिपाठी, वैभव शर्मा आदि रहे।

### शराब की भट्टी पकड़ी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**सिरौली, अमृत विचार :** नानपुरा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब तैयार होने की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी और दो लोगों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान भजन सिंह पुत्र नारायण सिंह और उसके पुत्र चनप्रीत निवासी सिरौली के मोहल्ला नानपुरा के रुप में हुई। मौके से भारी मात्रा में कच्ची शराब शराब बनाने के उपकरण और ड्रमों में भरा हुआ लहन बरामद किया गया।

# प्रमोशन के लिए शिक्षकों के प्रपत्रों की जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में स्ववित्तपोषित विभाग के शिक्षकों के प्रमोशन को लेकर गुरुवार को बैठक में एसोसिएट प्रोफेसरों के प्रोफेसर पद पर प्रमोशन के प्रपत्रों की जांच की गई।

बैठक में यूजीसी के निर्धारित मानकों के अनुरूप शिक्षकों की पात्रता, शोध कार्य और अनुभव का मूल्यांकन किया गया। स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के डायरेक्टर प्रो. एपी सिंह ने बताया कि जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब प्रमोशन का प्रस्ताव प्रबंध समिति को भेजा जाएगा जहां अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत 13 एसोसिएट प्रोफेसरों के प्रमोशन को मंजूरी मिलने की संभावना है। उनका कहना है कि प्रमोशन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और यूजीसी के नियमों के अनुरूप की जा रही है। ताकि योग्य शिक्षकों को समय पर उनका अधिकार मिल सके। इससे न केवल शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि शैक्षणिक गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

### राजभवन में शिकायत के बाद खुली विवि की वेबसाइट

**बरेली :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की वेबसाइट बंद होने से बीए चौथे सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने में छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वेबसाइट अपग्रेडेशन के चलते कई दिनों से फॉर्म नहीं भरे जा रहे थे। बार-बार प्रयास करने के बावजूद वेबसाइट नहीं खुल रही थी। अंतिम तिथि नजदीक आने से छात्र-छात्राओं की चिंता बढ़ती जा रही थी।

# नवविवाहिता को फुसलाकर ले गया युवक

**मानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पड़ोसी युवक पर नवविवाहिता को फुसलाकर ले जाने का केस दर्ज कराया है।

ग्राम कनकपुरी निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि बताया कि पिछले साल 23 अप्रैल को पुत्री की शादी हुई थी। शादी के बाद उनकी पुत्री मायके में आई हुई थी। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला युवक उनकी पुत्री को फुसलाकर अपने साथ ले गया। महिला ने बताया कि उनकी पुत्री व आरोपी युवक घर में रखे एक लाख रुपए व घर में रखा जेवर अपने साथ ले गए हैं। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बांध निर्माण शुरू रामगंगा के कहर से ग्रामीणों को जगी राहत की उम्मीद

संवाददाता, फरीदपुर


एमएलसी ने बांध निर्माण कार्य का फीता काटकर उद्घाटन किया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम गुर्जर गोटिया में रामगंगा नदी के किनारे बन रहे बांध से ग्रामीणों को बाढ़ की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से 390 मीटर लंबे इस बांध का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जिससे लगभग 1500 की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव की दूरी रामगंगा नदी से महज 150 मीटर है, जिसके चलते हर वर्ष बरसात में बाढ़ का खतरा बना रहता था। जलस्तर बढ़ने पर गांव में सैलाब आ जाता था, जिससे लोगों को रातभर दहशत में गुजारना पड़ता था। जानवरों के लिए चारे का संकट खड़ा हो जाता था और कई बार उन्हें गांव से बाहर ऊंचे स्थानों पर छोड़ना पड़ता था। बच्चों और पशुओं की सुरक्षा भी बड़ी चुनौती रहती थी। पिछले दिनों एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने बांध निर्माण का कार्य शुरु कराया था।

ग्राम प्रधान ओमवीर गुर्जर ने बताया कि वे कई वर्षों से बांध निर्माण के प्रयास में लगे थे, जो अब सफल हुआ है। बांध बनने के बाद बाढ़ के दौरान गांव छोड़ने की मजबूरी खत्म हो जाएगी। पहले मिट्टी के कट्टों से बांध तैयार किया जा रहा है, जिसके बाद उस पर पत्थर लगाए जाएंगे।

ग्रामीण श्याम सिंह और हरपाल सिंह ने बताया कि पहले हालात इतने खराब होते थे कि लोगों को छतों पर रात गुजारनी पड़ती थी और नीचे कीड़े-मकोड़ों का डर बना रहता था। अब बांध बनने से इस भय से मुक्ति मिलने की उम्मीद है। ग्रामीणों में इस कार्य को लेकर खासा उत्साह और खुशी देखी जा रही है।









